तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

11 रीवा हादसे के विरोध में फूटा जैन समाज का आक्रोश



12 झीरम घटना प्रदेश के इतिहास का एक दुखद अध्याय





## खबर संक्षेप

### संविदा भर्तीः पात्र-अपात्र की अंतिम सूची जारी

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति योजना के तहत सखी निवास और शक्ति सदन में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र और अपात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी कर दी है। 15 अप्रैल को बस्तर जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उम्मीदवारों की शुरूआती सूची जारी की गई थी और इस पर 29 अप्रैल तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। अब उन सभी आवेदनों की जांच और निपटारे के बाद अंतिम सूची तैयार कर ली गई है। भर्ती में शामिल होने वाले उम्मीदवार इस सूची को बस्तर जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा उक्त सूची अवलोकन हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दी गई है।

### टांडपाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन

**जगदलपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तोकापाल ने ग्राम पंचायत टाहकापाल के अंतर्गत टांडपाल आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद के लिए 6 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष होनी चाहिए। एक वर्ष से अधिक का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका अथवा सह-सहायिका को तीन वर्ष की विशेष छूट दी जाएगी। आवेदिका को उसी ग्राम की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा पुरानी पद्धति से 11वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके तहत अनुसूचित जाति या जनजाति परिवार की महिलाओं, अनुभवी कार्यकर्ताओं और विशेष सामाजिक परिस्थितियों विधवा, तलाकशुदा या दो वर्ष से अधिक अवधि से परित्यक्ता महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा और अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा संचालित आश्रम शालाओं में कक्षा 8वीं तक पढ़ी छात्राओं को अतिरिक्त अंकों का लाभ मिलेगा।

### किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदारों को ज्ञापन देंगे कल

**बस्तर।** भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर 27 मई को प्रदेश में तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपेगा। सभी तहसीलों में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता, बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों एवं कृषि लागत में वृद्धि तथा अन्य स्थानीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान हेतु किसान संघ ज्ञापन के माध्यम से शासन को किसानों की दिक्कतों से अवगत करायेगा। भारतीय किसान संघ का मानना है कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन एवं किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा।

### सांप काटने से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लाए 15 साल के बच्ची की मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि झाड़कट्टा निवासी 15 वर्षीय परमिला वट्टी पिता संतु वट्टी को साप ने काट लिया था। मृतिका के परिजन ने उन्हे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर में लाया था। जहर फैल जाने के कारण बच्ची की 24 मई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# दलपत सागर को पर्यावरण अनुकूल और प्रवासी पक्षियों का शरणस्थली बनाने की दरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के प्रमुख जल स्रोत एवं ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण तथा पुराने पेड़ों को सुरक्षित रखने को लेकर इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने महापौर से विस्तृत चर्चा करते सौंपा ज्ञापन। बैठक में दलपत सागर को एक आदर्श पर्यावरणीय मॉडल के रूप में विकसित करने, जैव विविधता संरक्षण तथा शहर के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

महापौर ने भी विषय की गंभीरता को समझते हुए दलपत सागर के आसपास स्थित पुराने एवं हेरिटेज पेड़ों को संरक्षित करने तथा पूरे क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल स्वरूप में विकसित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दलपत सागर को शहर की प्राकृतिक पहचान के रूप में विकसित किया जाएगा।

चर्चा के दौरान पेड़ों की विविधता, प्रवासी पक्षियों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण, दलपत सागर एवं आसपास स्थित कुओं के संरक्षण, भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु ग्राउंड वाटर रिचार्ज तथा जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने दलपत सागर संरक्षण हेतु तैयार की गई डिटेल प्रोजेक्ट एंड मैनेजमेंट रिपोर्ट महापौर को सौंपी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बदाम का पौधा भेंट किया।

**खास बातें**

- दलपत सागर संरक्षण की डिटेल प्रोजेक्ट एंड मैनेजमेंट रिपोर्ट महापौर को सौंपी
- इंद्रावती बचाओ समिति ने आसपास के पुराने पेड़ों को बचाने की चर्चा



### ये रहे उपस्थित

बैठक में इंद्रावती बचाओ अभियान की ओर से किशोर पारेख, सम्पत झा, अप्रतिम झा एवं शुभम सोनी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने शहर के पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जल स्रोतों के संवर्धन को लेकर सुझाव महापौर के समक्ष रखे।



# 10वीं और 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ने अन्य क्षेत्र के होनहार को भी किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/ बस्तर

अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक बस्तर का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम ग्राम दुबेउमरगांव के सामाजिक भवन में रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि सीईओ जनपद पंचायत भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र तथा अध्यक्षता बसंत गांवरे अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज ब्लॉक बस्तर ने की। सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी एवं वीर शिरोमणि शहीद गेंद सिंह नायक, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण कर अतिथियों का स्वागत पीला चांवल, पगड़ी एवं बैच लगाकर किया गया।

स्वागत उपरांत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का स्वागत एम. ठाकुर संस्थापक प्रतिभा सम्मान सहभागिता समिति विक्रमसिंह कुदराम सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ भानपुरी, पुरुषोत्तम तारम संस्थापक अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज भानपुरी, महेश मुरला सचिव तथा छेदीलाल बघेल ने किया।

कक्षा दसवीं में बालक 12, बालिका 29 कुल 41 एवं कक्षा 12वीं में बालक 3, बालिका 11 कल 14 को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में दिलशान मांझी लोहिता बाकडे खुशी नाग रिया मांझी मानशी भंडारी, नम्रता बाकडे, अल्पा भोयर





गुंजन बाकडे युगांत रावत, नगीना कु.गीतिका भोयर, ममता मांझी, हर्षा नायक जीत कुमार गोरे राज गौर, विद्या खवास पुष्पेन्द्र कुमार शांडिल्य सिद्धार्थ कुंवर, प्राची भोयर केतन कोठारी, सोनम समरथ गौतम भेड़यि पंकज कोठारी जसवंत गागड़े, जशोदा नाग, सोनम धलनिया, नीलिमा नाग, रश्मि देहारी, लीला देहारी, सेवती बघेल लक्ष्मी, आकृति मांझी किशन मांझी को समाज गौरव घोषित किया गया वहीं कक्षा बारहवीं के छबीला गागड़ा चमीन भंडारी, पल्लवी बाकड़े गीतू तारम, प्रियांशी चालकी कक्षा बारहवी कृतिका नाग, हस्तिका धलनिया, फलक बघेल, निशा चंदा समरथ , रोशनी, पुष्पांजलि गागड़ा, जयश्री भोयर मंजू गड़यिा, रूचि निलेश गागड़े भोयर, पायल ओमप्रकाश मांझी कक्षा दसवीं में दिलशान मांझी 93. 01 प्रतिशत कक्षा 12 वीं. में हस्तीका धलनिया 80 प्रतिशत को समाज गौरव घोषित किया गया, स्नातक में वंदना बघेल पिता छेदीराम बघेल पी.एम. नवोदय में चयनित छात्र कुणाल शांडिल्य प्रयास विद्यालय में चयनित छात्रा हेमिका भोयर, डॉ. किशन कुमार कस्तूरे, डॉ. पूजा पटेल के चिकित्सा अधिकारी नियुक्त होने पर एवं डॉ. पूजा पटेल को दुबे उमरगांव की प्रथम चिकित्सा अधिकारी नियुक्त होने पर, कुसुम शार्दुल बस्तर मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त होने, पुरुषोत्तम तारम एवं त्रिवेणी गौर द्वारा स्वर्गीय चुन्नीलाल गौर एक शिक्षक, कलाकार, सामाजिक विचारक रहे उनकी स्मृति में उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया ।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सियाराम चनाप अध्यक्ष, जी आर ठाकुर, गिरिवर सिंह ठाकुर महामंत्री केंद्रीय महासभा, शंभू ठाकुर सचिव छत्तीसगढ़ केंद्रीय महासभा, कमल कोषमा अध्यक्ष न्याय समिति केंद्रीय महासभा, धनसिंह रावटे कार्यालय प्रभारी केंद्रीय महासभा, हरिश्चंद्र लेकाल राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, नंद कुमार, गोदावरी रावटे, लेखाकुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## रेत और चूना पत्थर का अवैध परिवहन 36 वाहन जब्त



**जगदलपुर।** खनिज विभाग ने विभिन्न इलाकों में कार्रवाई कर अवैध परिवहन करते 36 वाहनों को पकड़ा है।

खनिज विभाग के संचालक और कलेक्टर के निर्देश पर बस्तर जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनि अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। खनिज जांच दल ने उपनपाल, देवड़ा, कोडेनार, बड़ेआमाबाल, कोरपाल, बस्तर, खोरखोसा, बेलगांव, धरमपुरा, जगदलपुर, कुम्हरावंड, पिपलावंड, बजावंड, बडांजी, छापरमानपुरी, तारापुर और बनियागांव क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रूप से गौण खनिज चुना पत्थर एवं रेत का उत्खनन, परिवहन और भंडारण करते पाए जाने पर परिवहनकर्ताओं, उत्खननकर्ताओं एवं भंडारणकर्ताओ के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान 36 वाहनों को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है। इसके अलावा चार भंडारणकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग से बताया गया कि सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के ▶▶|शेष पेज 10 पर

- बस्तर में खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

# सांसद की पहल पर नई दिल्ली में बिछड़े सुकमा के 3 कार्यकर्ता सुरक्षित मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नई दिल्ली में जनजाति समागम के दौरान सुकमा जिले से पहुंचे तीन कार्यकर्ता अनजाने में समूह से बिछड़ गए थे। जैसे ही इसकी जानकारी सांसद महेश कश्यप को मिली तब उन्होंने दिल्ली में मौजूद अपने सहयोगियों की टीम को सक्रिय किया जिससे कुछ ही घंटों के भीतर तीनों बस्तरिया सुरक्षित मिल गए। सांसद ने उन्हें अपने आवास पर ठहरने, विश्राम और खान पान की संपूर्ण व्यवस्था करवाई।

सांसद ने कहा अजनबी शहर में बिछड़ने की स्थिति अक्सर निर्मित होती है जब राष्ट्रव्यापी समागम में लाखों की संख्या में पूरे देश से लोग इकट्ठा होते है। इतने बड़े महानगर में खोजने में नई दिल्ली के सहयोगियों ने दौड़



भागकर परिश्रम किया। इसलिए सुकमा के हमारे तीनों आदिवासी भाइयों सकुशल मिल गए।



# केरल और मिजोरम के बीच मुकाबला कल

**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्टेडियम ग्राउंड में अंडर-20 मेन्स नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 27 मई को होगा। 35 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला अपरान्ह 3 बजे केरल एवं मिजोरम टीम के मध्य होगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव और अध्यक्षता वनमंत्री केदार कश्यप होंगे। मैच का सीधा प्रसारण एआईएफए के अधिकृत यू-ट्यूब चैनल पर देखा जा ▶▶|शेष पेज 10 पर

- अंडर-20 नेशनल फुटबॉल स्पर्धा का फाइनल नारायणपुर में होगा

# कविता और गजल से रचनाकारों ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दसराहा पसरा में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति की मासिक कवि गोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें शहर के वरिष्ठ और नवोदित कवियों ने रचनापाठ किया ।

कवियों ने गीत-गजल-कविता में समां बांधा। मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण और सरस्वती वन्दना के पश्चात वरिष्ठ गजलकार ऋषी शर्मा ऋषी ने नाम मेरे दरों दीवार पे लिक्खा न करो, और लिख-लिख के मेरे प्यार को रूसवा न करो । दूसरी गजल प्यार दर्पण से नहीं मन से भी करके देखो, सिर्फ बाहर नहीं अंदर भी संवर के देखो। इसे सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उसके पश्चात गीतकार विपिन बिहारी दास ने सावन आने की बात कब होगी, भला भुलाने की बात कब होगी, गजल पेश कर वाहवाही बटोरी। शिरीष टिकरिहा विद्रोही ने छत्तीसगढ़ी रचना का पाठ किया साथ ही मिजाज बदल गए हैं, शिकायत में वो मिठास कहां सुन कर दर्शक हंस कर लोट पोट हो गये। कृष्ण शरण पटेल कृष्ण ने मंच संचालन करते हुए तेरी अहसास की खूशबू मानों चंदन -चंदन है, तेरी स्नेहिल प्रीत को मेरा बारंबार वंदन है और जाने उसपे क्या-क्या गुजर रही होगी जो पल- पल में जीते जी मर रही होगी। अपने अंदाज में गजल प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी। भरत कुमार गंगादित्य ने मन चो गोठ के मन ने संगाले, कसन करून आपलो जिव के फंसाले। मया चो डोरी तुचे संगे नी जानें केबे बांधले। हल्बी गीत गाकर श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया । इसके बाद चमेली नेताम सुवासिता ने भावी पीढ़ी ला गिया, का देहव संदेश तुंहर नशा ला देख के, बदलत हे परिवेश। बदलत हे परिवेश, बने लइका सँगवारी, गांजा दारू भांग, संग मा पीथौ भारी। सुवासिता सुन गोठ, बनौ झन दुख के सीढ़ी। नशा छोड़ दौ आप, सुधरही भावी पीढ़ी।

छत्तीसगढ़ी में कुण्डलियां प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। इसके बाद निवोदित कवियित्री नीलम पाण्डेय ने मां पर जब कविता लिखने बैठती हूं तो शब्द कम पड़ जाते है कविता और पर्यावरण पर कविता पढ़ के वाह वाही बटोरी। दर्शक में से लक्ष्मी मंडल और शोभा शर्मा ने आया मोचो दंतेश्वरी गीत प्रस्तुत किया जिसे सुन कर कवि और श्रोता झूमने लगे।

- दसराहा पसरा में कवि गोष्ठी में चला हंसी ठिठोली का दौर
- वरिष्ठ और नवोदित कवियों की प्रस्तुति से श्रोता हुए निहाल

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में खेल-खेल में बच्चों ने सीखी विज्ञान और कला की बारीकियां

# मासूम के छिपे हुनर और जिज्ञासा को मिल रही नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में इन दिनों बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनोखे और रचनात्मक प्रयोग कर रहा हैं। स्वंयसेवी संगठन तितली के सहयोग से आयोजित गतिविधि के दौरान बच्चों ने खेल-खेल में सीखने का एक नया और मजेदार अनुभव प्राप्त किया। इस अनूठी गतिविधि ने न केवल बच्चों के चेहरों पर मासूम मुस्कान बिखेरी, बल्कि उनके भीतर छिपे हुनर और जिज्ञासा को एक नई उड़ान देने का काम किया है। गतिविधि के दौरान आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्सुकता के साथ मिट्टी से दोस्ती की और अपने छोटे-छोटे हाथों से गीली मिट्टी को आकार देते हुए बेहद सुंदर और कलात्मक दीये तैयार किए। माटी की खुशबू के बीच हुई इस गतिविधि से जहां एक ओर बच्चों में स्पर्श की समझ और हाथों की मांसपेशियों का समन्वय बेहतर हुआ। वहीं दूसरी ओर पारंपरिक रूप से दीये बनाकर बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक



कला को करीब से महसूस किया। मिट्टी के खिलौनों के साथ बच्चों के लिए खुद का बनाया पेपर कप फोन आकर्षण का केंद्र रहा। डिस्पोजल पेपर कप और साधारण धागे की मदद से बच्चों ने अपना खुद का खिलौना मोबाइल तैयार किया, जिसने विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को मनोरंजन में बदल दिया। जब फोन के एक तरफ से एक बच्चा बोलता और दूसरी तरफ से उसका साथी कान लगाकर सुनता, तो आवाज तरंगों के रूप में पहुंचते ही बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहता था। इस मजेदार खेल के जरिए बच्चों ने बोलने और ध्यान से सुनने ▶▶|शेष पेज 10 पर

### रटने की पुरानी आदत को छुड़ाने की कोशिश

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और 'तितली' संस्था के प्रतिनिधियों ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस तरह की खेल-आधारित गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रटने की पुरानी आदत को छोड़कर उनके भीतर 'सीखने की उत्सुकता' को जगाना है। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में नई चीजें सोचने और बनाने की कल्पनाशीलता का विकास तो हुआ ही, साथ ही पेपर कप फोन के जरिए आवाज के एक जगह से दूसरी जगह जाने के कौतूहल ने उनके भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव भी रखी।

## खबर संक्षेप

### जुगानी कैम्प सड़क हादसे में बुजुर्ग की गई जान

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 स्थित जुगानी कैम्प के विश्वास होटल के पास रविवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल 64 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान निखिल व्यापारी निवासी जुगानी कैम्प के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पैदल जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को तत्काल उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### मिर्गी का दौरा पड़ने से चलती बाइक से गिरा युवक, गंभीर



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झूलनाडीही में सोमवार सुबह करीब 8 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हो गया, जिसमें 33 वर्षीय एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार घायल मनीष यादव (33), पिता भागीरथी यादव, निवासी सिरसीकलार बाइक में पीछे बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा, जिससे वे चलती बाइक से नीचे गिर गए। हादसे में उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल मनीष यादव का उपचार जिला अस्पताल कोंडागांव में जारी है, जहां डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

## पेज 9 के शेष

### अवैध रेत और चूना...

नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1967 की धारा 21 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में खनि अधिकारी शिखर चेरपा, सहायक खनि अधिकारी जागृत गायकवाड, खनि निरीक्षक अंकित पुरी, सिपाही डिकेश्वर खरे, नगर सैनिक विजय कश्यप, कृष्णा बघेल, सहदेव बघेल सहित जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के सदस्य की अहम भूमिका रही।

### केरल और मिजोरम...

सकेगा। जिसकी जिम्मेदारी जगदलपुर के विश्वजीत भट्टाचार्य एवं टीम को दी गयी है। टीम में धीरज दास, श्यामल सिंह, हेमंत बेसरा, हेमचंद्र कश्यप, राजेन्द्र पटेल, मोतीलाल पोयाम, सुशांत बारीक, ललित कश्यप सहित अन्य शामिल हैं। रामकृष्ण मिशन आश्रम का वर्षों से शिक्षा, संस्कार और युवा विकास के क्षेत्र में कार्यों के बीच यह खेल आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को बड़े खिलाड़ियों से सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

### मासूम के छिपे हुनर...

की कड़ियों को आपस में जोड़ा और संवाद की बुनियादी प्रक्रिया को सरल तरीके से समझ लिया। नया करने की कोशिश में खिले चेहरे : खुद अपने हाथों से कोई उपयोगी वस्तु तैयार करने पर बच्चों के चेहरों पर जो संतोष और आत्मविश्वास दिखा, वह अनमोल था। बस्तर की आंगनबाड़ी केन्द्रों में हो रहे ये प्रयास इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि अगर नौनिहालों को सही मार्गदर्शन और सीखने के बेहतर साधन मिलें तो उनका भविष्य उज्ज्वल, जागरूक और रचनात्मक आकार ले सकता है।

# रीवा जैन साध्वी हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग, जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

रीवा में जैन साध्वी आर्यिका माताजी के साथ हुई सड़क दुर्घटना और उसमें साध्वी संघ की आर्यिकाओं के निधन के मामले को लेकर सोमवार को केशकाल जैन समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी केशकाल को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ-साथ विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है। समाज ने मामले की सीट अथवा न्यायिक जांच कराने, संबंधित सीसीटीवी फुटेज और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग**



**इन्होंने सौंपा ज्ञापन**

इस दौरान जैन श्री संघ अध्यक्ष सुरेश कटारिया, सुभाष कटारिया, शशि जैन, पुखराज बोहरा, धनराज मालू, पुखराज गोलछा, संतोष कटारिया, नरेंद्र तातेड़, समेत जैन श्री संघ एवं जिनशासन महिला मंडल के पदाधिकारी व समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

ज्ञापन में विहार मार्गों पर प्रशासनिक सहयोग, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहायता, ट्रैफिक नियंत्रण संकेतक तथा हाईवे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। साथ ही केंद्र सरकार से "राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति" बनाने और पैदल विहार करने वाले संतों के लिए सुरक्षा एसओपी एवं विशेष गाइडलाइन जारी करने की भी मांग रखी गई।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जैन समाज हमेशा शांति, कानून और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना और तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## विधायक लता उसेण्डी ने किया हितग्राहियों को दी जानकारी

# सुशासन तिहार शासन- जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम, ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नगरीय क्षेत्र के चौपाटी मैदान स्थित विद्यालय परिसर में सुशासन तिहार अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी सहित पार्षदगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- नगर पालिका कोण्डागांव में लगा सुशासन तिहार शिविर

विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहते हैं, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। उन्होंने श्रम पंजीयन और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों की जानकारी भी दी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है। वहीं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने इसे जनसमस्याओं के निराकरण की सराहनीय पहल बताया।

**नागरिकों से सहभागिता की कलेक्टर ने की अपील –**

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने, मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान और जनगणना से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी देते हुए नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।



**हितग्राहियों को मिली विभिन्न योजनाओं की सौगात –**

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं 32–32 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। राजस्व विभाग द्वारा 02 डिजिटल किसान किताब, 05 बी–1 खसरा और 07 जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 07 आयुष्मान कार्ड जारी किए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 महिलाओं की गोदभराई कराई गई। शिक्षा विभाग ने 18 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए, जबकि उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 पौधों का वितरण किया गया।

## फरसगांव में 9 दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

**फरसगांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

इसी क्रम में फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम उरंदाबेड़ा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें बड़ी राहत प्रदान की गई। शिविर में कुल 09 दिव्यांग हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र और वॉकिंग स्टिक प्रदान किए गए। ग्राम कन्हारगांव के अंशुराम यादव एवं विद्या नेताम तथा ग्राम बंजोड़ा के खेमराज राणा को ट्राइसाइकिल वितरित की गई, जिससे उन्हें उनके दिनचर्या में सुविधा होगी। वहीं ग्राम




कन्हारगांव के पनकु नेताम, सगना, एतवारिन बाई, गड़राराम सलाम और ग्राम बंजोला के मंगल बघेल को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कन्हारगांव की इतवारिन नेताम को वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई।

सहायक उपकरण प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके दैनिक कार्यों को करने में आसानी होगी। उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सुशासन तिहार जैसे शिविर दूरस्थ क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहे हैं।

# खनिज का अवैध परिवहन करते 6 वाहन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 6 वाहनों को जब्त किया गया।

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग की जांच में 02 ट्रैक्टर रेत, 03 हाईवा गिट्टी तथा 01 ट्रैक्टर ईंट का अवैध परिवहन करते पाए गए। संबंधित वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज एवं वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। सभी वाहनों को जब्त कर खनिज नियमावली के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन और



परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। खनिज संपदा के संरक्षण के लिए आगे भी नियमित मॉनिटरिंग और कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# डीजल से भरे टैंकर को ट्रक ने मारी टक्कर

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 स्थित बड़ेडोगर चौक में रविवार रात करीब 10 बजे डीजल से भरे एक छोटे टैंकर को अज्ञात ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान टैंकर में बड़ी मात्रा में डीजल भरा हुआ था। गनीमत रही कि टैंकर में आग नहीं लगी और बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। टैंकर चालक ने बताया कि वह डीजल भरकर छोटे डोंगर की माइंस में सप्लाई देने जा रहा था। जैसे ही वह बड़ेडोगर चौक की ओर मुड़ रहा



था तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

# विभिन्न ग्राम पंचायतों में आज लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण के लिए 26 मई को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम गम्हरी में आयोजित शिविर में पीढ़ापाल, कुल्दाडीही, तितरवण्ड, हल्दा, गम्हरी, जोड़ेकेरा और करमरी के ग्रामीण शामिल होंगे। जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम सोड़मा में आयोजित शिविर में जैतपुरी, सिरपुर, गुमड़ी, अलीबेड़ा, कोसागांव, लंजोड़ा, कुम्हारबड़गांव, सोड़मा, कारागांव, सिरसीकलार और कबोंगा के ग्रामीण भाग लेंगे। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम माकड़ी में ओटेण्डा, मगेदा, भतवा, माकड़ी, भिरण्डा, पीढ़ापाल और अंरगुला के ग्रामीण शामिल होंगे। वहीं ग्राम केरावाही में आयोजित शिविर में माझीबोरण्ड, बालोण्ड, केरावाही, बाडरा, हुक्काबेड़ा पाथरी, बिवला, भीरागांव और भाटगांव के ग्रामीण भाग लेंगे।

- बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार अंतर्गत शिविरों का होगा आयोजन

**बफना शिविर में शामिल होंगे आसपास के ग्रामीण** – जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत बफना में आयोजित शिविर में बफना, फरसगांव, भोगाड़ी, मरवाबेड़ा वनग्राम, नेवता, मुलमूला, धनपुर, लेमड़ी, खड़का, छोटेबंजोड़ा, बड़ेभिरावण्ड, फूकागिरोला, छोटेभिरावण्ड और लखनपुरी के ग्रामीण शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## जवाहर विद्यालय की प्रवेश चयन परीक्षा जुलाई में

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026–27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय लिखित चयन परीक्षा 26 जुलाई 2026, रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। पात्रता के लिए तय किए गए मानदंड – सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक को कोण्डागांव जिले का निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। कक्षा चौथी में 80 प्रतिशत अंक अनिवार्य – योजना के तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हों तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख से कम हो – योजना का लाभ उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा जिनके पालकों की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो।

# वार्ड 12 बना प्रतिष्ठा की लड़ाई, नए चेहरे बनाम अनुभव पर टिकी नजरें

**फरसगांव।** नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 12 में होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार से भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। प्रत्याशी डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं, जिससे पूरे वार्ड में चुनावी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है।

भाजपा इस चुनाव में अपनी राजनीतिक साख बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी ने नए चेहरे के रूप में सुश्री छबीला नेताम को प्रत्याशी बनाया है। राजनीति में उनकी अचानक एंट्री अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। सीमित राजनीतिक अनुभव के बावजूद भाजपा संगठन उन्हें बदलाव और नई राजनीति के




प्रतीक के रूप में जनता के बीच पेश करने में जुटा हुआ है। वहीं कांग्रेस ने अनुभवी उम्मीदवार सावित्री मरकाम पर दांव लगाया है। वार्ड क्रमांक 12 को लंबे समय से कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। सावित्री मरकाम वर्ष 2009 में पार्षद रह चुकी हैं, जबकि उनके पति रामलाल मरकाम भी पूर्व पार्षद रह चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस अनुभव, जनसंपर्क और स्थानीय पकड़ को अपनी सबसे बड़ी ताकत मान रही है।

**चुनाव बना प्रतिष्ठा का विषय**

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस बार का मुकाबला प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। एक ओर भाजपा नए चेहरे के सहारे जनता का भरोसा जीतने की कोशिश कर रही है, तो दूसरी ओर कांग्रेस अपने परंपरागत वोट बैंक और संगठनात्मक पकड़ के दम पर मैदान में मजबूती से डटी हुई है।

**4 जून को आएगा परिणाम**

अब सबकी नजर 1 जून को होने वाले मतदान और 4 जून को आने वाले चुनाव परिणाम पर टिकी हुई है। फिलहाल वार्ड क्रमांक 12 का उपचुनाव फरसगांव की राजनीति का सबसे चर्चित मुकाबला बन गया है।

## मशरूम सूपः ग्रामीण उद्यमिता और पोषण सुरक्षा की नई पहल

# कृषि कालेज के विद्यार्थियों ने तैयार किया मूल्यवर्धित उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

कृषि-प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में कृषि कालेज के विद्यार्थियों द्वारा मशरूम से तैयार इंस्टेंट सूप इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग करते हुए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट मशरूम सूप तैयार किया, जो ग्रामीण क्षेत्र में पोषण एवं कृषि आधारित नवाचार को नई दिशा दे रहा है।

- पोषण एवं कृषि आधारित नवाचार को नई दिशा दे रहा

यह गतिविधि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. रत्ना नशीने के मार्गदर्शन एवं सा. प्राध्यापक डॉ. नवीन मरकाम, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. देवेंद्र कुर्रे,डॉ. सविता आदित्य, डॉ. मदनलाल कुर्रे, डॉ. गौतम भास्कर, डॉ. पुष्पराज दीवान, डॉ. नवनीत ध्रुवे एवं डॉ. विवेक विश्वकर्मा (पादप रोग विज्ञान) कोर्स टीचर, के निर्देशन में संपन्न हुई। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मशरूम प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग एवं विपणन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान की तथा मूल्यवर्धित उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया।



विशेषज्ञों के अनुसार मशरूम सूप में उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन, फाइबर, विटामिन-डी, जिंक एवं बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। कम कैलोरी एवं कम वसा होने के कारण यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। नियमित सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ शरीर को आवश्यक पोषण भी प्राप्त होता है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार इस इंस्टेंट सूप मिक्स को केवल 10 ग्राम मात्रा में 150 मिली गर्म पानी में मिलाकर 2 से 3 मिनट तक पकाने पर स्वादिष्ट सूप तैयार हो जाता है। इसमें किसी प्रकार का कृत्रिम रंग या प्रिजर्वेटिव नहीं मिलाया गया है।

**वैल्यू एडिशन एवं स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका**

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के इस नवाचार एवं मेहनत की सराहना करते हुए कहा गया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैल्यू एडिशन एवं स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग के माध्यम से मशरूम आधारित उत्पाद भविष्य में व्यापक बाजार प्राप्त कर सकते हैं। इस गतिविधि में विद्यार्थी वेदप्रकाश चंद्राकर, तामेश्वर साहू, तुषार सैमसन, उपेंद्र यादव, तरुण प्रधान एवं वेदिका भोयर शामिल रहे, जिन्होंने मशरूम सूप निर्माण, सूप मिक्स तैयार करने, पैकेजिंग एवं मूल्यवर्धित उत्पाद विकास की पूरी प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## क्लब फुट से पीड़ित मासूम को मिला उपचार

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। फरसगांव विकासखंड के ग्राम चंदागांव में क्लब फुट से पीड़ित एक मासूम बच्चे को समय पर उपचार मिलने से परिवार में नई उम्मीद जगी है।

5 मई 2026 को आयोजित सुशासन तिहार शिविर में मास्टर आरुष नेताम के पिता श्री फूलसिंह नेताम एवं माता श्रीमती सोमनाई नेताम ने आवेदन देकर बताया कि उनका बेटा जन्म से ही दोनों पैरों की विकृति 'क्लब फुट' से पीड़ित है। आवेदन प्राप्त होते ही फरसगांव स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। स्वास्थ्य विभाग के आरएमए प्रभास देबनाथ ने स्वयं बच्चे के घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया। आवश्यक दस्तावेज तैयार कर चिरायु टीम से समन्वय



स्थापित किया गया। लगातार फॉलोअप और प्रयासों के बाद बच्चे के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

**रायपुर में शुरू हुआ विशेष उपचार** – मास्टर आरुष नेताम को रायपुर स्थित नारायणा हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उसका विशेष उपचार प्रारंभ हो चुका है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन–प्रशासन अब दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रें तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**घाटलोहंगा।** देशभर में आयोजित नीट परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर आदिवासी युवा छात्र संगठन (एवायसीयू ) ने कड़ा विरोध जताया है।



एवायसीयू के संभाग अध्यक्ष लक्ष्मण बघेल ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के लगभग 24 लाख विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएँ मेहनती विद्यार्थियों का मनोबल तोड़ने का काम करती हैं। यह शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अध्यक्ष ने केंद्र सरकार एवं संबंधित एजेंसियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था लागू की जाए। नीट परीक्षा लीक पर आदिवासी युवा छात्र संगठन कड़ा निंदा करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा की मांग करता है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो छात्र संगठन सड़क से सदन तक आंदोलन करने को मजबूर होगा। एवायसीयू ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता को जायज़ बताते हुए कहा कि देश का युवा न्याय चाहता है, न कि भ्रष्ट व्यवस्था का शिकार बनना।

### मोदी गारंटी मतलब महंगाई की वारंटी

**घाटलोहंगा।** युवा कांग्रेस नेता सुनील कश्यप ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अच्छे दिनों का सपना दिखाकर सरकार ने आम जनता को महंगाई के दलदल में धकेल दिया है।



पहले रसोई गैस के दाम बढ़े, फिर पेट्रोल-डीजल ने जनता की कमर तोड़ी और अब बच्चों के दूध तक पर महंगाई की मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज हर घर का बजट बिगड़ चुका है, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और गरीब परिवार परेशान हैं। लेकिन सरकार को जनता की तकलीफ नहीं, सिर्फ बड़े कॉरपोरेट घरानों के मुनाफे की चिंता है। अब देश समझ चुका है कि मोदी गारंटी का मतलब, महंगाई की वारंटी, बेरोजगारी की बढ़ोतरी, जनता की जेब खाली है। देश पूछ रहा है क्या यही थे अच्छे दिन, क्या आम जनता पर महंगाई का बोझ डालना ही सरकार की उपलब्धि है। जनता जवाब मांगेगी और बदलाव भी लाएगी।

# सुशासन शिविर ने साबित किया, सबका साथ सबका विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के एर्राबोर में आयोजित क्लस्टर स्तरीय सुशासन शिविर में 10 पंचायतों एर्राबोर, गगनपल्ली, मराईगुड़ा, आरगट्टा, मेड़वाही, टेटराई, नागुलगुंडा, मनीकोंटा, दरभागुड़ा और मुलाकिसोली के ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। शिविर में शासन की योजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह और विश्वास साफ नजर आया, वहीं प्रशासन ने पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान किया। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में सुशासन तिहार के तहत प्रशासन लगातार गांव-गांव तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, सोयम भीमा एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा 5 समूहों को कुल 13.50 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। इसके साथ ही सूरज समूह एर्राबोर को 4 लाख रुपये का ऋण स्वीकृति पत्र तथा पीएमईजीपी योजना के तहत 5 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण भी प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को ऋण और प्रमाण पत्र वितरित करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी।

## एर्राबोर शिविर में 17.50 लाख का ऋण वितरण, 5 लखपति दीदियों को मिला प्रशस्ति पत्र



### कागजों से निकलकर सीधे ग्रामीणों तक पहुंचीं सरकारी योजनाएं

शिविर के दौरान 5 लखपति दीदियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। प्रशासन द्वारा आयोजित इस सुशासन शिविर ने यह साबित किया कि शासन की योजनाएं अब केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन जनसेवा, विकास और विश्वास की नई मिसाल कायम कर रहा है।

## कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन, उच्चस्तरीय जांच व राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति की मांग

# रीवा हादसे के विरोध में फूटा जैन समाज का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मध्य प्रदेश के रीवा में पदविहार कर रहीं दो पूज्य दिगंबर जैन साध्वियों (आर्यिका 105 श्री श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका 105 श्री उपशममति माताजी) के सड़क दुर्घटना में हुए दर्दनाक समाधि मरण के विरोध में आज समूचा दिगंबर जैन समाज सड़कों पर उतरा। समाजजनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया और कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से न्याय की गुहार लगाई गई है।

ज्ञापन सौंपते समय जैन समाज के प्रतिनिधियों ने रीवा हादसे पर गहरा दुख और तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। समाज के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि घटना से जुड़े जो वीडियो क्लिप सामने आए हैं, उन्हें देखकर यह मामला बेहद संदिग्ध प्रतीत होता है। यह केवल एक सामान्य दुर्घटना नहीं लगती, इसलिए इसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय एसआईटी (विशेष जांच दल) या न्यायिक जांच कराई जाए।

इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने दिवंगत आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी और आर्यिका श्री उपशममति माताजी को अश्रुपूरित आंखों से भावभीनींजलि अर्पित की और चेतावनी दी कि यदि संतों की सुरक्षा पर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो देशव्यापी आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।





### ज्ञापन में उठाई गईं 5 प्रमुख मांगें

सकल दिगंबर जैन समाज ने शासन-प्रशासन के सामने निम्नलिखित मांगें रखी है जिसमें रीवा हादसे की समयबद्ध एसआईटी या न्यायिक जांच सुनिश्चित की जाए, दुर्घटना के जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ त्वरित और सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई हो, साधु-संतों के पैदल विहार मार्गों पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस का आपसी समन्वय व सुरक्षा घेरा सुनिश्चित किया जाए, राष्ट्रीय राजमार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में भारी व तेज रफ्तार वाहनों को नियंत्रित करने की समुचित व्यवस्था हो एवं आजीवन नंगे पैर पैदल विहार करने वाले जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर एक ठोस सुरक्षा नीति तैयार करे।

### अहिंसक संतों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी

समाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि जैन मुनि और आर्यिकाएं पूर्णतः अपरिग्रही और अहिंसक जीवन जीते हैं। वे अपने साथ आत्मरक्षा का कोई साधन नहीं रखते और मौसम की परवाह किए बिना निरंतर पैदल विहार करते हैं। ऐसे में इन निहत्थे और तपस्वी संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पूर्ण रूप से शासन और प्रशासन की नैतिक व संवैधानिक जिम्मेदारी है।

# पंचायतों को फंड नहीं मिलना, ग्रामीण विकास की उपेक्षा



■ अंतागढ़ के सरपंचों का इस्तीफा सरकार की विफलता का प्रमाण : लखेश्वर बघेल

**भोंड/घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड में बड़ी संख्या में सरपंचों ने सामूहिक इस्तीफा दिए जाने और लंबे समय से धरना प्रदर्शन किए जाने के मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा है कि यह केवल पंचायत प्रतिनिधियों का आक्रोश नहीं बल्कि प्रदेश की ग्रामीण विकास व्यवस्था की विफलता और सरकार की उदासीनता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विकास की नींव गांवों से मजबूत होती है, ग्राम पंचायतें शासन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं, जो सीधे तौर पर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं और विकास कार्यों से जुड़ी होती हैं। यदि गांव के निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही सड़क, पानी, बिजली, भवन निर्माण, मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए फंड और प्रशासनिक स्वीकृति मांगते हुए सड़कों पर बैठने को मजबूर हो जाएं, तो यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि अंतागढ़ ब्लॉक के सरपंच पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए थे और अब बड़ी संख्या में सरपंचों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है यह घटना दर्शाती है कि पंचायत प्रतिनिधियों का शासन-प्रशासन पर भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है यदि पंचायतों को समय पर संसाधन और अधिकार नहीं दिए जाएंगे तो ग्रामीण विकास केवल घोषणाओं तक सीमित रह जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पंचायत स्तर पर विकास कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं पंचायतों को विकास कार्यों की मंजूरी नहीं मिल रही है तथा डीएमएफ सहित अन्य मदों से मिलने वाली राशि और योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है इसका सीधा असर गांवों में रहने वाले आम नागरिकों पर पड़ रहा है।

## प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला अस्पताल में बनेंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण, यूडीआईडी कार्ड निर्माण एवं नवीनीकरण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। यह कार्य प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के रूम नंबर 77, जेडीएस शाखा, मेडिकल बोर्ड, प्रथम तल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड नहीं बना है, या जिनके पास पुराने दिव्यांगता प्रमाण पत्र हैं और वे उसका नवीनीकरण कराना चाहते हैं, वे निर्धारित दिवस पर उपस्थित होकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

इस दौरान जिले के सभी दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण एवं पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके लिए दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण, नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो), आधार से लिंक मोबाइल नंबर जिसमें ओटीपी प्राप्त होता हो तथा दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा।

## ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में 20 मई से 15 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव पहुंचकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं।

इस अभियान के दौरान घर-घर जाकर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, शौचालय उपयोग एवं घरों से कचरा संग्रहण के महत्व की जानकारी देने के साथ-साथ ग्रामीणों को खुले में शौच से होने वाली हानियों के बारे में समझाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव बनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। युवोदय टीम द्वारा भी स्थानीय भाषा हल्बी एवं गोंडी में मुनादी कर लोगों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# एजुकेशन सिटी मार्ग से बेतरतीब भारी वाहनों को तुरंत हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

■ युवक की मौत के बाद नगर पंचायत की पहल






नगर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और हाल ही में एक युवक की दर्दनाक मृत्यु की घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गीदम रजनीश सुराना ने सख्त कदम उठाया है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा थाना प्रभारी गीदम एवं पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को पत्र सौंपकर मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एजुकेशन सिटी से लेकर मंडी चौक हारम तक मुख्य सड़क पर भारी वाहनों की अव्यवस्थित और अवैध पार्किंग एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ट्रक, ट्रेलर और अन्य भारी वाहन दिन-रात सड़क किनारे बेतरतीब खड़े रहते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और आवागमन बाधित होता है। रात के समय इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर न होने से दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। पिछले कुछ महीनों में इस मार्ग पर कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में एक युवक की भारी वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे नगर में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि जनहित और यातायात सुरक्षा सर्वोपरि है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आम नागरिकों में भय का वातावरण बन गया है। व्यापारी वर्ग भी परेशान है क्योंकि ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। एजुकेशन सिटी मार्ग पर कई स्कूल-कॉलेज और अन्य एजुकेशन संस्थान हैं। हजारों छात्र-छात्राएं रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं। भारी वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनती है और हादसे का खतरा बना रहता है।नगर पंचायत अध्यक्ष की इस पहल का वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघ और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस निर्णय का पूर्ण समर्थन किया है।

भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने कहा कि मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा करने से आवागमन बाधित होता है और जाम की स्थिति बनती है। इसी कारण नगर में विगत दिनों कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें।

सर्व समाज के जिला अध्यक्ष व ग्राम पंचायत जावंगा सरपंच बोमड़ा राम कवासी ने कहा कि एजुकेशन सिटी जावंगा से हरम चौक तक मुख्य मार्ग पर वाहनों की अवैध पार्किंग बड़ी समस्या बन गई है। सड़क किनारे दिन-रात भारी वाहन खड़े रहने से मार्ग संकरा हो गया है। इसी कारण विगत दिनों कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से मुख्य मार्ग को पार्किंग मुक्त करने और दोषी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष विमल सुराना ने मुख्य मार्ग और सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की अवैध पार्किंग को गलत बताया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ती है। सुराना ने अपील की कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें।

### अवैध पार्किंग पर चल रहा विशेष अभियान

थाना प्रभारी गीदम अमित बेरिया ने बताया कि मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नियम तोड़ने वाले वाहनों के पहियों को व्हील लॉक से जाम किया जा रहा है। साथ ही वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि एजुकेशन सिटी से हरम चौक तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की कि वे मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा न करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## अस्थि बाधित दिव्यांग लखमा तामो को विभाग ने उपलब्ध कराई बैसाखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस ग्राम पंचायत बड़े कमेली निवासी 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हितग्राही लखमा तामो को विभाग ने नई बैसाखी उपलब्ध कराई। क्योंकि पूर्व में प्राप्त बैसाखी के टूट जाने के कारण उक्त दिव्यांग हितग्राही द्वारा कलेक्टोरेट पहुंचकर समाज कल्याण विभाग से नई बैसाखी उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप संचालक समाज कल्याण मूलचंद चोपड़ा ने पात्रता अनुसार तत्काल सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शाखा प्रभारी को निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए लखमा तामो को एक जोड़ी नई बैसाखी प्रदान की गई। सहायक उपकरण प्राप्त होने पर हितग्राही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समय पर मिली सहायता से उन्हें दैनिक कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी। इस दौरान सीएमओ बचेली कृष्णा राव एवं विभागीय अधिकारी संतोष टोप्पो उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र. क्र./ब-121/2025-26

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गंगा एन. डेविड पति एन.के. डेविड निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. - 19 जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पिता स्व. हरीश चंद्र सिंह सामंत पिता स्व. परमानंद सिंग सामंत निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र.-19 जगदलपुर तहसील जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 04/10/1987 को निवास स्थान शहर पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. - 19 जगदलपुर में हुआ है आवेदिका किसी कारण से अपने पिता का मृत्यु 04/10/1987 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर / उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदिका को अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदिका के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच / पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 29/05 /2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 15.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुह से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 21/05/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सोमारू राम कश्यप पिता सुकलो कश्यप जाति मुरिया निवासी ग्राम केशलूर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता श्री सुकलो कश्यप पिता बुका कश्यप मृत्यु तिथि 5/9/2009 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 05/06/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 05/06/2026

(मुहर) तहसीलदार तोकापाल










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मेहनत और लगन की सराहना करते हुए मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम धौराभाठा में शिक्षा और प्रतिभा को सम्मान देने की अनूठी पहल देखने को मिली। गांव के नव जागृति युवा मंडल एवं कर्मचारी सेवा समिति द्वारा पहली बार पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के मेधावी बच्चों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन पहली बार आयोजित किया गया, जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों में भी नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना था। सम्मान समारोह में विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पांचवीं कक्षा में लीशा सलाम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं टिकेश्वरी नेताम ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आठवीं कक्षा में तोकेश्वरी मरकाम ने 85 प्रतिशत और करन विश्वकर्मा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया।







### महेंद्र कर्मा और नंदकुमार पटेल के योगदान को हमेशा रखेंगे याद

# झीरम घटना प्रदेश के इतिहास का एक दुखद अध्याय

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन में शहीद महेंद्र कर्मा की पुण्यतिथि के पर श्रद्धांजलि सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने उनके

- **शहर कांग्रेस ने राजीव भवन, झंकार चौक प्रतिमा, लालबाग स्थित शहीद मेमोरियल तथा झीरम घाट में दी श्रद्धांजलि**

छत्तीसगढ़ एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण करते नमन किया। इसके पश्चात झंकार चौक स्थित कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की गई। तत्पश्चात लालबाग शहीद मेमोरियल एवं दरभा घाट स्थित झीरम स्मारक जाकर महेंद्र कर्मा एवं नंदकुमार पटेल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं एवं वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





### राजमन और मिथिलेश ने झीरम के शहीद स्मारक में नेताओं को किया नमन

झीरम शहीद दिवस पर दरभा ब्लाक के झीरम घाट पहुंचकर पूर्व विधायक राजमन बेंजाम व पूर्व क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। स्व. महेंद्र कर्मा अमर रहें, नंदकुमार पटेल अमर रहे के नारे लगाए गए। इस दौरान गौरी प्रसाद मंडल, अब्दुल सईद, गणेश कावड़े, योगेश पानीग्राही, मोहनीश नाग, संजय पटेल व अन्य उपस्थित थे।



### फरसपाल में गैदू ने कर्मा परिवार को ढांढस बंधाया

झीरम के शहीद महेंद्र कर्मा के गृहग्राम फरसपाल दंतेवाड़ा में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू , सत्तार अली, सुब्बाराव, शकील अहमद सहित अन्य कांग्रेसियों ने महेंद्र कर्मा के साहस, योगदान और दबंग व्यक्तित्व को याद कर उनकी शहादत को बस्तर के लिए अपूरणीय क्षति बताया। साथ ही महेंद्र कर्मा की धर्मपत्नी देवती कर्मा और पुत्र छविन्द्र कर्मा सहित कर्मा परिवार को ढांढस बंधाया।

इस दौरान शहीदों के बलिदान को याद करते हुए सुशील मौर्य ने कहा कि उनका संघर्ष, समर्पण एवं समाज के प्रति योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। झीरम की घटना प्रदेश के इतिहास का एक दुखद अध्याय है, जिसने अनेक परिवारों और समाज को गहरा आघात पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि महेंद्र कर्मा ने आदिवासी समाज, क्षेत्रीय विकास और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया, वहीं नंदकुमार पटेल ने संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। शहीद नेताओं का जीवन समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके संघर्ष, समर्पण और जनहित के प्रति सोच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा शहीदों के योगदान और बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। झीरम की घटना प्रदेश और देश के इतिहास की दुखद घटना रही है, जिसमें अनेक जननेताओं एवं सुरक्षा बलों के जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके त्याग, संघर्ष और जनसेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदों के आदर्श और उनके द्वारा समाज तथा लोकतंत्र के लिए किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।


पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने कहा कि उनका बलिदान लोकतंत्र, जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। शहीद नेताओं के संघर्ष, त्याग और विचार आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। उनके योगदान को देश और समाज कभी नहीं भूल सकता।

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा झीरम की घटना लोकतंत्र पर कायरतापूर्ण हमला था। जिसमें हमने अनेक अनुभवी और जनप्रिय नेताओं को खो दिया। उनके विचार, संघर्ष और जनता के प्रति समर्पण आज भी सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। इस दौरान उपाध्याय वीरेंद्र परिहार, अनवर खान, हेमू उपाध्याय,अपर्णा बाजपेयी,संजीव शर्मा, गौरनाथ नाग, सूरज कश्यप, अभिषेक नायडू, सुभाष गुलाटी, जाहिद हुसैन,अनुराग महतो,नीतीश शर्मा, रविशंकर तिवारी, वेंकट राव,लता निषाद एस नीला, विजेन्द्र ठाकुर, प्रशांत जैन, ललिता राव, मोहसिन खान, पार्षद शुभम यदू, कमलेश पाठक, आभाष महंती व अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# कासोली मड़ियापारा 10 दिन से अंधेरे में, ग्रामीण परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम**

दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कासोली-01 के मड़ियापारा में पिछले 10 दिनों से अधिक समय से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। हालात यह हैं कि भीषण उमस और बरसात के बीच ग्रामीण रातें अंधेरे में गुजारने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग और घरेलू कामकाज सब प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार मौखिक व लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण नंदू राम अटामी ने बताया कि वे खुद 3 बार विद्युत कार्यालय गीदम जाकर



शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन हर बार केवल ₹जल्द ठीक कर देंगे₹ का आश्वासन मिला। सरपंच शैलेश अटामी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उप अभियंता अविनाश लकड़ा को लगातार फोन और आवेदन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया गया। इसके बावजूद 10 दिन बीतने के बाद भी गांव में एक भी लाइनमैन नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि विभाग की उदासीनता के कारण पूरे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। बरसात में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ गया है। इस संबंध में विद्युत विभाग के उप अभियंता अविनाश लकड़ा ने बताया कि तेज आंधी-बारिश के कारण मड़ियापारा में बिजली के पोल टूट गए हैं। पोल बदलने और लाइन दुरुस्त करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एक-दो दिन के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# पुनर्वासित युवाओं और ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर**

सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को नैमेड़ में आयोजित समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए जनसुविधाओं और शासकीय

- **योजनाओं की जानकारी ही विकास की पहली सीढ़ी : कलेक्टर**

योजनाओं का बड़ा मंच बनकर उभरा। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया तथा सड़क, पुल-पुलिया और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग- नैमेड़ पंचायत में आयोजित



इस शिविर में एरमनार, दुगोली, मिड़ते, कडेर, कैका, पेद्दाकोड़ेपाल, पालनार, मूसालूर एवं पापनपाल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

"जानकारी होगी तभी मिलेगा योजनाओं का लाभ" -कलेक्टर- शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री विश्वदीप ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन करने और योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्वयं ग्रामीणों तक पहुंचा है, इसलिए दस्तावेज बनाने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सभी विभाग एक ही मंच पर मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों को त्वरित सुविधा मिल सके।

बैंक खाता, आधार और श्रम कार्ड की उपयोगिता बताई- कलेक्टर ने कहा कि आज अधिकांश शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खातों के माध्यम से दिया जाता है। मनरेगा, तेंदूपत्ता संग्रहण सहित विभिन्न योजनाओं की राशि अब नगद के बजाय बैंक खातों में जमा होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का बैंक खाता होना आवश्यक है उन्होंने ग्रामीणों को आधार कार्ड, श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया तथा महतारी वंदन योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# महेंद्रपुर में शुरू हुआ 15 दिन बाद सोलर पंप, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल**

ग्राम महेंद्रपुर में पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा सौर ऊर्जा संचालित पंप आखिरकार दोबारा शुरू हो गया। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद क्रेडा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी टीम को गांव भेजा। सोमवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर सोलर पंप की जांच की और खराबी दूर कर जलापूर्ति बहाल कर दी। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

क्रेडा के जिला प्रभारी डीएस सिदार के निर्देश पर पहुंची तकनीकी टीम ने सोलर पंप की मोटर में आई खराबी को सुधारकर पंप को चालू कराया। मरम्मत कार्य में लोकनाथ सिन्हा, थानूराम यादव और चेतन गावड़े ने सक्रिय भूमिका निभाई। तकनीकी टीम के अनुसार मोटर में आई खराबी के कारण पंप बंद हो गया था, जिसे सुधारने के बाद अब जलापूर्ति सामान्य रूप से शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर पंप बंद होने से गांव में पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। पिछले 15 दिनों से महिलाएं और बच्चे कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर थे। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी थी।

ग्राम के ग्रामीण कलेष जैन, राजेसिंह जैन, जितेंद्र जैन, ओमप्रकाश सलाम, बीरेंद्र सलाम और सुरेंद्र सलाम ने बताया कि समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया और अब गांव में पानी की व्यवस्था सुचारु हो गई है। क्रेडा जिला प्रभारी डी एस सिदार ने कहा कि विभाग की कोशिश है कि भविष्य में ऐसी शिकायतें लंबित न रहें। उन्होंने बताया कि सभी सौर ऊर्जा संचालित पंपों की नियमित निगरानी और रखरखाव के लिए क्षेत्रीय टीमों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो।

# झीरम के शहीदों को कांकेर में श्रद्धांजलि याद में कांग्रेस नेताओं की नम हुई आंखें

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर**

झीरम घाटी के शहीदों की याद में कांकेर का राजीव भवन सोमवार को भावुक माहौल का साक्षी बना। 25 मई 2013 की उस दर्दनाक नक्सली घटना को याद करते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गईं। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने शहीद नेताओं को नमन करते हुए कहा कि झीरम घाटी हमला केवल कांग्रेस पार्टी पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनसेवा की भावना पर किया गया कायराना प्रहार था। कांकेर स्थित राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश से कांग्रेस को समाप्त करने की साजिश के तहत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी में शहीद हुए नेताओं ने जनता और प्रदेश की सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उन्होने झीरम घाटी की भयावह घटनाओं का उल्लेख किया, तो वे भावुक हो उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे दुखद अध्याय है। हमारे वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनता की आवाज बुलंद करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनका बलिदान कांग्रेस परिवार कभी नहीं भूलेगा। हम सभी शहीद नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष, विचार और जनसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, मनोज जैन, गफ्फार मेमन, संग्राम नेताम, यासीन करानी, लोमेंद्र यादव, गोमती सलाम, भारती सलाम, विद्या सिन्हा, अजय सिंह रेनू, दीपक शोरी, मुकेश तिवारी, विजय यादव, मतीन खान, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, टूकेश्वर साहू, सुमित राय, सोमेश सोनी, शेष गजबिए, शिवांकित श्रीवास्तव, महफूज अली, दया बघेल, रेवती सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जीत बरकरार रखने कांग्रेस ने वार्ड को बांटा 11 गलियों में

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर इंदिरा वार्ड के उपचुनाव के लिए संचालन समिति बनाई गई हैं। महामंत्री अभिषेक नायडु ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजेश चौधरी, वरिष्ठ नेता उमाशंकर शुक्ला, मनोहर लुनिया और बलराम यादव को जिम्मेदारी दी गई हैं। वार्ड की 11 गलियों के लिए दो तथा अधिक नेताओं को दायित्व सौंपा गया हैं। मिल्की राम गली के लिए अमर सिंग और रविशंकर तिवारी। सत्यपाल गुरूद्वारा गली में लोकेश चौधरी तथा बी ललिता राव, मस्जिद रोड में सुनिता सिंग, अल्ताफ उल्ला खान और मकसुद खान, गुरूद्ववारा रोड में विजय सिंग





- **चुनाव संचालन समिति में पूर्व महापौर समेत 5 नेताओं पर दारोमदार**

और जावेद खान, पैलेस रोड में प्रशांत जैन तथा महेश द्विवेदी, गीता भवन-गली के लिए अनुराग महतो तथा ज्योति राव, खूबचंद्र बाडा में निकेत राज झा तथा विशाल खम्बारी, गीता भवन गली घेरा में सुरेन्द्र झा तथा बबली, गुरूद्वारा घेरा के लिए नितिश शर्मा और अंकित सिंह, इतवारी बाजार हनुमान मंदिर घेरा के लिए जाहिद हुसैन और मोहसीन तथा इतवारी बाजार घेरा एवं भजन सिंग घेरा के लिए अनेक नेता जिनमें गौरनाथ नाग, बलराम यादव, अतिरिक्त शुक्ला, प्रशांत जैन, सुरेन्द्र झा, बबली, कमल झज्ज, कोमल सेना, दुशाल काले, रोजवीन दास, अभिषेक नायडू, नन्हा दुबे, निकेत राज झा, सददाब,

शुभम यदु, लोकेश चौधरी, निशु, मिंटुकर मंडल, अनुप तिवारी, मुन्ना मिश्रा, इंदर, नितिन जैन, बी ललीता राव, एम ज्योति राव, जोस्टीन भवानी, लता निषाद, एस नीला, संजय मण्डल, संदीप दास, शुभम यदू, शंकर सेन, अमर सिंग, रविशंकर तिवारी को दायित्व सौंपा गया है।

